दिनांक : 06/03/2026 समय : 07.10पीएम

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :—

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कृषि वेबिनार को किया संबोधित, कहा- बजट में उच्च मूल्य वाले कृषि उत्पादों को दी गई तवज्जो ।
- मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की किसान संघ के साथ बैठक, गेहूं खरीदी के लिए पंजीयन की आखिरी तारीख 7 मार्च से बढ़ाकर 10 मार्च की ।
- केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने CISF के 57 साल के सफर को सराहा, 890 करोड़ के तीन नए आवासीय परिसरों की रखी नींव ।
- UPSC सिविल सर्विस एग्जाम 2025 के फाइनल नतीजे घोषित, प्रदेश के ईशान भटनागर ने पांचवी और पक्षल सेक्रेटरी ने हासिल की आठवीं रैंक ।

अब समाचार विस्तार से:—

वेबिनार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कृषि और ग्रामीण परिवर्तन विषय पर आयोजित वेबिनार को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि रसायन मुक्त और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना जरूरी है। श्री मोदी ने कृषि निर्यात पर भी खास ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि बजट 2026-27 में उच्च मूल्य वाले कृषि उत्पादों को भी प्राथमिकता दी गई है।

**सीएम- किसान संघ बैठक**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर किसानों के हित में कई बड़े फैसले लिए। इस कड़ी में प्रदेश सरकार ने गेहूं खरीदी के लिए पंजीयन की आखिरी तारीख 7 मार्च से बढ़ाकर 10 मार्च कर दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस साल गेहूं खरीदी पर 40 रुपए प्रति क्विंटल और उड़द खरीदी पर 600 रुपए प्रति क्विंटल बोनस देने का ऐलान भी किया गया है।

स्थापना दिवस समारोह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज ओडिशा के मुंडली में CISF के 57वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित किया। श्री शाह ने 890 करोड़ रुपए की लागत से कामरूप, नासिक और सीहोर में तीन नए आवासीय परिसरों का शिलान्यास भी किया। मंत्री ने कहा कि CISF ने 56 सालों में औद्योगिक सुरक्षा के क्षेत्र में शून्य से शिखर तक का सफर तय किया है और आज यह बल देश के 70 हवाई अड्डों समेत 361 अहम संस्थानों की सुरक्षा कर रहा है।

**इजराइल-अमेरिका**

इजराइल-अमेरिका और ईरान के बीच जंग के सातवें दिन भी भारी बमबारी जारी है। इजराइल ने ईरान और लेबनान की राजधानियों पर हमले किए, जबकि अमेरिका ने समुद्र में एक ईरानी ड्रोन वाहक जहाज को निशाना बनाया। अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने ईरान पर हमले बढ़ाने की चेतावनी दी है।

**यूपीएससी एग्जाम- प्रदेश**

UPSC सिविल सर्विस एग्जाम 2025 के फाइनल नतीजे आ गए हैं. इसमें कुल 958 कैंडिडेट्स ने अलग-अलग सर्विस के लिए क्वालिफाई किया है। राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के अनुज अग्निहोत्री ने पूरे देश में पहली रैंक हासिल की है। वहीं भोपाल के ईशान भटनागर ने टॉप 5 में जगह बनाई है। इसके अलावा धार जिले के पक्षल सेक्रेटरी ने 8वीं रैंक हासिल कर प्रदेश का नाम रोशन किया है।

**रायसीना डायलॉग**

नई दिल्ली में आयोजित रायसीना डायलॉग के दूसरे दिन वैश्विक भू-राजनीति और सुरक्षा चुनौतियों पर गहन मंथन हुआ। सम्मेलन में भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने दो-टूक शब्दों में कहा कि दुनिया अब एकध्रुवीय व्यवस्था से आगे निकल चुकी है और मौजूदा वैश्विक संघर्षों को 'पूर्व बनाम पश्चिम' के चश्मे से देखना बंद करना होगा। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में 115 देशों के प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं, जिसका समापन कल होगा।

**सरस्वती अभियान**

प्रदेश में जो बेटियां किसी मजबूरी की वजह से पढ़ाई बीच में ही छोड़ चुकी हैं, उन्हें फिर से स्कूल से जोड़ने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग ने 'सरस्वती

अभियान' शुरू किया है। इस अभियान के तहत 10 मार्च को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में एक बड़ा कार्यक्रम होगा, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी शामिल होंगे। बालिकाओं को ओपन स्कूल के जरिए दोबारा परीक्षा देने का मौका दिया जाएगा. साथ में किताबें, कोचिंग और मेंटरिंग की सुविधा भी मिलेगी।

**मुख्यमंत्री दौरा**

दमोह जिले के हटा नगर में 11 मार्च को मुख्यमंत्री मोहन यादव के प्रस्तावित दौरे को लेकर प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। आज कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर और एसपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी की अगुवाई में अधिकारियों की बैठक हुई जिसमें सुरक्षा, यातायात, बिजली-पानी और मंच व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा हुई।

**पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान**

पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत आज भोपाल में विषय वक्ता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष समेत कई नेताओं ने संबोधित किया।

**चार धाम यात्रा**

उत्तराखंड की विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण आज से शुरू हो गया है। श्रद्धालु आधिकारिक वेबसाइट और 'टूरिस्ट केयर उत्तराखंड' मोबाइल ऐप के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। इस वर्ष यह यात्रा 19 अप्रैल से शुरू होगी।

**अनुसूचित जाति- छात्रवृत्ति**

अनुसूचित जाति के विद्यार्थी 15 मार्च तक प्री और पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन कर सकते हैं। 9वीं से 12वीं और कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र साल 2022-23, 2023-24 और 2024-25 के नए या नवीनीकरण आवेदन कर सकते हैं।

**एकीकृत बागवानी- पॉजिटव खबर**

सरकार की एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना किसानों की जिंदगी बदल रही है। इसकी मिसाल हैं भोपाल के फन्दा क्षेत्र के रहने वाले किसान रामसिंह कुशवाह। पहले वे पारंपरिक फसलों से मुश्किल से गुजारा कर पाते थे लेकिन इस योजना की मदद से पॉली हाउस में उन्होंने 30 हजार फूलों के पौधे लगाए. अब रामसिंह हर रोज

चार से छह हजार रुपये कमा रहे हैं। उनके फूल दिल्ली, लखनऊ और जयपुर तक पहुंच रहे हैं।

क्रिकेट **टी20 वर्ल्ड**

टी20 क्रिकेट वर्ल्ड कप का फाइनल मुकाबला 8 मार्च को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा। फाइनल से पहले इंटरनेशनल पॉप स्टार रिकी मार्टिन क्लोजिंग सेरेमनी में परफॉर्म करेंग। भारतीय टीम लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंची है और अगर टीम इंडिया यह खिताब जीत लेती है तो वो लगातार दो बार T20 वर्ल्ड कप जीतने वाली पहली टीम बन जाएगी।

**समाचार संक्षेप में :-**

- पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल ने परिचालन दक्षता में प्रि–डिपार्चर डिटेंशन के मामले में सभी प्रमुख मंडलों में पहला स्थान हासिल किया है।
- शाजापुर जिला अस्पताल में विश्व श्रवण दिवस के उपलक्ष्य पर विशेष जांच शिविर में निःशुल्क परामर्श, जांच और उपचार की सुविधा दी गई।
- सीहोर जिले में नागरिकों की सुविधा को और सुलभ बनाने के लिये जिला प्रधान डाकघर में पार्सल पिकअप और बुकिंग सेवा प्रारम्भ की गई है।
- राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर में गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज के आराध्य देव महर्षि गौदम की जयंती आगामी 19 मार्च को मनाई जाएगी।
- शहडोल में मवेशियों की प्यास बुझाने के लिए हर घर नाद अभियान के तहत गौ सेवा संस्थान के गौसेवक लोगों से अपने घरों के बाहर जल से भरा नाद रखने का आव्हान कर रहे हैं।
- बैतूल में पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों के लिए एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन 10 मार्च को जिला पंचायत कार्यालय के सभागार में होगा।
- पन्ना में मेरा युवा भारत अभियान के तहत पन्ना के तत्वाधान में पवई एवं पन्ना ब्लॉक में युवाओं ने एक पेड़ मां के नाम समेत गतिविधियों का आयोजन किया
- इंदौर जिले में महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए HPV टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है, जो भारत में स्तन कैंसर के बाद दूसरा सबसे आम कैंसर है।

- झाबुआ जिले में जनगणना 2027 को लेकर जिले में तैयारियां शुरू हो गई हैं। झाबुआ, राणापुर, मेघनगर, थांदला, पेटलावद और रामा विकासखंडों में फील्ड ट्रेनर्स की नियुक्ति कर दी गई है।
- खंडवा जिले में आज राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत पुलिस परेड ग्राउंड में खो-खो, कुश्ती और कबड्डी की एक दिवसीय प्रतियोगिता आयोजित की गई ।

मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कृषि वेबिनार को किया संबोधित, कहा- बजट में उच्च मूल्य वाले कृषि उत्पादों को दी गई तवज्जो ।
- मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की किसान संघ के साथ बैठक, गेहूं खरीदी के लिए पंजीयन की आखिरी तारीख 7 मार्च से बढ़ाकर 10 मार्च की ।
- केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने CISF के 57 साल के सफर को सराहा, 890 करोड़ के तीन नए आवासीय परिसरों की रखी नींव ।
- UPSC सिविल सर्विस एग्जाम 2025 के फाइनल नतीजे घोषित, प्रदेश के ईशान भटनागर ने पांचवी और पक्षल सेक्रेटरी ने हासिल की आठवीं रैंक ।

-------------------